जनसम्पर्क विभाग, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

प्रेस विज्ञप्ति संख्या–1

गोरखपुर, 25 अप्रैल : यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर रेलवे पर पहली बार एक जोड़ी डबल डेकर गाड़ी का संचलन आनन्द विहार टर्मिनल–लखनऊ जंक्शन के बीच किया जायेगा जिसका शुभारम्भ 26 अप्रैल,2015 को आनन्द विहार टर्मिनल से लखनऊ जं0 के लिये विशेष गाड़ी के रूप में माननीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह जी, माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु जी एवं माननीय रेल राज्य मंत्री श्री मनोज सिन्हा जी द्वारा किया जायेगा। तत्पश्चात इस डबल डेकर गाड़ी संख्या 12583/12584 लखनऊ जं0–आनन्द विहार टर्मिनल का नियमित संचलन लखनऊ जं0 एवं आनन्द विहार टर्मिनल से 01 मई,2015 से प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को किया जायेगा । पूर्वोत्तर रेलवे पर डबल डेकर गाड़ी का संचलन पहली बार आरम्भ हो रहा है और इसका प्राथमिक रख–रखाव लखनऊ जं0(पूर्वोत्तर रेलवे) पर होगा ।

उद्घाटन विशेष गाड़ी संख्या–02584 आनन्द विहार टर्मिनल–लखनऊ जं0(पूर्वोत्तर रेलवे) 26 अप्रैल,2015 को आनन्द विहार टर्मिनल से 14.00 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 14.37 बजे, मुरादाबाद से 17.10 बजे, बरेली जं0 से 18.42 बजे छूटकर लखनऊ जं0 22.55 बजे पहुंचेगी ।

नियमित गाड़ी संख्या 12583 लखनऊ जं0–आनन्द विहार डबल डेकर गाड़ी लखनऊ जं0 से 05.00 बजे प्रस्थान कर बरेली जं0 से 08.25 बजे, मुरादाबाद से 10.05 बजे, गाजियाबाद से 12.30 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनल 13.00 बजे पहुंचेगी । वापसी यात्रा में 12584 आनन्द विहार टर्मिनल–लखनऊ जं0 डबल डेकर गाड़ी आनन्द विहार टर्मिनल से 14.10 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 14.37 बजे, मुरादाबाद से 17.10 बजे, बरेली से 18.42 बजे प्रस्थान कर लखनऊ जं0 22.50 बजे पहुंचेगी ।

इस डबल डेकर गाड़ी में ए.सी.चेयरकार के 12 एवं जेनेरेटर यान के 02 कोच सहित कुल 14 कोच लगाये जायेंगे । डबल डेकर ट्रेन के एक ए.सी.चेयरकार में 120 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था है । तकनीकी रूप से हाईस्पीड से चलने वाले कोचों का प्रयोग इस गाड़ी में किया गया है। गाड़ी के अधिक गति से चलने पर भी इसमें बाइब्रेशन कम होता है तथा यात्री गण इसमें आरामदेह तरीके से अपनी यात्रा पूरी करते हैं । इस गाड़ी के कोच में कन्ट्रोल डिस्चार्ज ट्वायलेट सिस्टम का प्रावधान किया गया है जिससे स्टेशनों को साफ–सुथरा रखने में मद्द मिलती है। इस ट्रेन के कोचों की आन्तरिक एवं वाहय सज्जा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की है ।

(आलोक कुमार सिंह)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी

सम्पादक/ब्यूरो प्रमुख,
गोरखपुर